पंचधारी में नहाने के दौरान 13 साल की बच्ची की डूबने से मौत

» 2 घंटे की मेहनत के बाद रेस्क्यू टीम ने बच्ची के शव को बाहर निकाला » कलेक्टर ने पिछले साल पंचधारी में नहाने पर लगाया था रोक

न्याय साक्षी/रायगढ़। आज सुबह 8 बजे एक ही परिवार की तीन बच्चो के पचधारी में डूबने के खबर के बाद स्थानीय युवकों द्वारा सिटी कोतवाली पुलिस को मोबाईल से सुचना दी गई जिसके बाद अविलम्ब सिटी कोतवाली पुलिस टीम गोताखोरों दल के साथ घटना स्थल पर पहुंची। हालाँकि गोताखोरों के खोजने के पूर्व ही स्थानीय युवको द्वारा दो बच्चो का सकुशल रेस्क्यू कर लिया गया था लेकिन वही तीसरी 13 वर्षीय मासूम प्रियंका झा की पतासाजी में गोताखोरों की टीम पुरे 2 घंटे तक मशक्कत करती रही इस दौरान गोताखोरों को उस वक्त घोर निराशा का सामना करना पड़ा जब मासूम प्रियंका के शव को केलो नदी से बाहर निकाला गया। मासूम प्रियंका की शव मिलने के बाद बच्ची के परिवार सहित पूरे शहर में शोक की लहर फ़ैल गई।

जानकारी के अनुसार आज गर्मी से राहत मिलने और नदी के एनीकट में नहाने का मजा लेने आये आज फिर एक बच्ची की डूबने से मौत हो गई। झा परिवार के तीन बच्चे भी आज सुबह पंचधारी एनीकट पहुंचे थे

लेकिन परिवार को क्या पता था कि इतनी बड़ी अनहोनी हो जाएगी। यहां आए दिन डूबकर होने वाली असमय मौत की वजह से जिला प्रशासन ने यहां प्रतिबंध लगा दिया था बावजूद इसके यहां लोग आने से बाज नही आ रहे है जिसका आज फिर खामियाजा एक परिवार को भुगतना पड़ा। बहुचर्चित केलो नदी पर मौजूद एनीकट पचधारी में एक बच्ची के डूबने से हड़कंप मच गया। घटना सुबह 8:00 बजे की है जिसमें तीन बच्चे नहाने आए थे जिसमें प्रियंका झा, शुभम, राजू झा। जो इंदिरा नगर गंगाराम तालाब के पास के रहने वाले बताए जा रहे है। बच्चों को डूबते देख यहां नहा रहे कुछ लोगो ने ततपरता दिखाते हुए किसी तरह दो बच्चों को बचाने में कामयाब हुए। वही नदी में नहा रहे स्थानीय लोगो द्वारा शुभम और राजू झा को बचा लिया गया है लेकिन प्रियंका झा के नही मिलने पर हड़कम्प मच गया पुलिस को सूचना मिली तब गोताखोर की टीम पहुंची फिर दो घण्टे के बाद करीब 11 बजे बच्ची का शव ढूंढ निकाला। लापता बालिका प्रियंका झा को गोताखोर के साथ पुलिस एवं स्थानीय लोगो द्वारा बड़ी मशक्कत कर निकाला गया। 13 साल की बच्ची प्रियंका झा का शव बाहर आते ही परिवार में चीख पुकार मच गया। बच्ची की मौत के बाद जहां परिवार में मातम पसर गया है। लोग एकबार फिर दहशत में आ गए है लेकिन नहाने का सिलसिला बन्द नही हुआ है।

महत्वपूर्ण एवं खास

चोरी के मामले में 02 आरोपी गिरफ्तार

आरोपियों से 40 हजार रूपये की मसरूका बरामद

न्याय साक्षी/रायगढ़। थाना खरसिया स्टाफ द्वारा अपराध क्रमांक 218/19 धारा 457,380 ताहि की विवेचना दरम्यान मुखबिर सूचना पर आरोपी (1) नितेश बंजारा पिता सारथी बंजारा उम्र 19 वर्ष (2) शिवलाल चौहान पिता देवचंद चौहान उम्र 19 वर्ष दोंनो ग्राम केनाभाटा मदनपुर के कब्जे से 6 कट्टी धान तीन मासा सोने का लाकेट, एक गैस सिलेंडर 02 नग साड़ी, एक नग थाली एक, नग लोटा कुल 40,000 रुपये का मसरुका बरामद किया गया है। आरोपियों को आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

रोड पर खड़ी बुलेट में अचानक लगी आग, मचा हड़कंप, जलकर राख

न्याय साक्षी/रायगढ़।कलेक्टोरेट के सामने आज सुबह करीब 11.30 के रोड़ पर खड़ी मोटरसाइकिल में अचानक आग लग गयी, जिसमें बाइक जलकर राख हो गया। बाइक मालिक द्वारा आग बुझाने का प्रयास के बाबजूद बाइक पूरी तरह से जल गया। जिसे देख लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। जानकारी के अनुसार छात्रावास अधीक्षक पर कार्यरत कोड़ातराई निवासी सुरेश चौधरी आज सुबह अपने काम से अपनी बाईक रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 सीसी से कलेक्टोरेट पहुंचे थे। जहां उन्होंने बाइक खड़ी कर पानी पी रहे थे कि रोड़ पर खड़ी उनकी बाईक रॉयल एनफील्ड क्लासिक 350 सीसी में अचानक आग लग गई जिसे देख वे बाटल में रखे पानी से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग तेज हो गई जिसके बाद वे फायर बिग्रेड को सूचना दिये सूचना पर तत्काल फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया लेकिन तब तक पूरा बाइक जलकर राख हो गया था। आग किस कारण से लगा पता नही लग सका।

व्यवसायी विक्की सिंघानिया को एयर एम्बुलेंस से वेदांता हॉस्पिटल दिल्ली ले जाया गया

कल यात्री ट्रेन से उतरते समय हो गया था घायल

न्याय साक्षी/रायगढ़। शहर के युवा व्यवसायी विक्की उर्फ विवेक सिंघानिया को आज एयर एम्बुलेंस से दिल्ली ले जाया गया है जहां वेदांता अस्पताल में उनका इलाज होगा। उनकी हालत में काफी सुधार हुआ है और वे अभी खतरे से बाहर है हादसे में शरीर में आये अंदरूनी चोट लगने के कारण उन्हे आज एयर एम्बुलेंस से दिल्ली ले जाया गया है। कल वे कोलकाता से रायगढ़ अहमदाबाद एक्सप्रेस से रायगढ़ आ रहे थे और रायगढ़ रेलवे स्टेशन में ट्रेन के पहुंचने पर ट्रेन से उतरते समय वे गिर गये थे जिससे उन्हे चोटे आई था। जिनका जिंदल अस्पताल इलाज चल रहा था।

मंजुल दीक्षित के बड़े भाई मोहन लाल दीक्षित का निधन

न्याय साक्षी/रायगढ़। भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष मंजुल दीक्षित के बड़े भाई मोहन लाल दीक्षित का आज दोपहर को आकस्मिक निधन हो गया है वे 65 साल के थे । उनका अंतिम संस्कार शाम को पांच बजे कयाघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

प्रभारी मंत्री उमेश पटेल ने ग्राम जोबी के गौठान का किया निरीक्षण

» अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश »सुविधायुक्त गौठान में पशुओं को चारा-पानी, कोटना की दी जा रही सुविधा

न्याय साक्षी/रायगढ़। उच्च शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री उमेश पटेल ने खरसिया विकासखण्ड के ग्राम पंचायत जोबी में छत्तीसगढ़ शासन की नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना के तहत बने सर्व सुविधायुक्त गौठान का निरीक्षण करके अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उक्त योजना शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में से एक है, इसमें किसी भी तरह कोताही नहीं चलेगी। प्रभारी मंत्री पटेल ने कहा कि ग्राम जोबी में 6 एकड़ में गौठान, 5 एकड़ में चारागाह बनाया गया है, जहां पशुओं के खानपान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उनके बैठने के लिए पक्के शेड और घास रखने के लिए मचान बनाया गया है। साथ ही पशुओं के गोबर को एकत्र करके गोबर गैस के रूप में भी उपयोग किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र के गौठानों को डेकेयर के रूप में विकसित किया जा रहा है। जहां पशुओं के लिए चारा-पानी, कोटना, पक्के शेड के सुविधा उपलब्ध करायी गई है।

छत्तीसगढ़ शासन की चार चिन्हारी नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना सार्थक हो रही है। सुराजी गांव योजना के तहत 9 जनपद पंचायतों में एक-एक मॉडल गौठान पशुओं के लिए सर्व सुविधायुक्त तैयार हो गई है। 761 ग्राम पंचायतों में 15 प्रतिशत का 114 ग्राम पंचायत जिनमें से जिले में 103 गौठान का चिन्हांकन किया गया। जिनमें से 62 गौठान आदर्श गौठान में चारा-पानी, कोटना, पक्के शेड के साथ गांव के पशु इसका लाभ ले रहे है।

स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए ऋण हेतु 22 जून तक आवेदन आमंत्रित

न्याय साक्षी/रायगढ़। राष्ट्रीय अजा., अजजा, पिछड़ा वर्ग, सफाई कामगार एवं अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम की विभिन्न योजनाओं में स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति से 22 जून 2019 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदक कलेक्टर जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 94 में आवेदन प्राप्त कर 22 जून को शाम 5 बजे तक जमा कर सकते है। उक्त योजना में ट्रेक्टर ट्राली योजना, ऑटो पैसेंजर व्हीकल योजना, ऑटो गुड्स कैरियर योजना, स्माल बिजनेस योजना, महिला समृद्धि योजना, महिला सशक्तिकरण योजना, टर्मलोन योजना, न्यू-स्वर्णिमा योजना, टर्मलोन योजना, ई-रिक्शा योजना, स्कीम अपटू, महिला अधिकारिता योजना, महिला समृद्धि एवं माइक्रो के डिट योजना शामिल है। इस योजना के तहत आवेदक का आय ग्रामीण क्षेत्र का निवासी होने पर 104000 रुपए एवं शहरी क्षेत्र का होने पर 120000 रुपए से अधिक न हो, आवेदक संबंधित जाति का वर्ग हो। आवेदक रायगढ़ जिले का मूल निवासी हो। आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम एवं 50 वर्ष से अधिक न हो। पूर्व में ऋण एवं अनुदान नहीं लिया है का शपथ प्रमाण पत्र। ट्रेक्टर ट्राली योजना के लिए 5 एकड़ कृषि भूमि होना अनिवार्य है। वाहन संबंधी योजना में आवेदक के पास वैध लायसेंस होना अनिवार्य है एवं आवेदक के पास व्यवसाय संचालन करने हेतु स्वयं अथवा किराये का स्थान होना आवश्यक है। प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी हो। इस संबंध में अन्य जानकारी के लिए कलेक्टर जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 94 में संपर्क कर सकते है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में तमाम सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480